# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

नव वर्ष की "हार्दिक शुभकामनाएं"

2024

**डॉ. प्रवीण अग्रवाल**
अध्यक्ष

**हेमन्त गुप्ता**
संयुक्त अध्यक्ष

**दीपक अग्रवाल**
मानसेवी सचिव

**डॉ. राकेश अग्रवाल**
उपाध्यक्ष

**संदीप नारायण अग्रवाल**
कोषाध्यक्ष

**पवन कुमार अग्रवाल**
मानसेवी संयुक्त सचिव

**समस्त कार्यकारिणी समिति सदस्य**


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 26, अंक : 6
- माह : दिसम्बर 2023


DECEMBER 2023

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# MPCCI सुदर्शन क्रिकेट कार्निवल - 2023 का आयोजन







## सावरकर चैलेंजर्स ने जीता खिताब

मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा चेम्बर सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मिलन समारोह के तहत एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल –2023 का आयोजन रविवार, 17 दिसंबर को कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम में किया गया।

इस आयोजन का फाइनल मुकाबला जयविलास किंग्स (पवन कुमार अग्रवाल) विरूद्ध सावरकर चैलेंजर्स (दीपक अग्रवाल) के मध्य खेला गया। जयविलास किंग्स के कप्तान पवन कुमार अग्रवाल द्वारा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सावरकर चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट पर 55 रन का स्कोर बनाया। वहीं स्कोर का पीछा करने उतरी टीम जयविलास किंग्स 10 ओवर में 7 विकेट पर 40 रन ही बना सकी। सावरकर चैलेंजर्स ने 15 रनों से मैच जीतकर एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल–2023 की रनिंग ट्राफी पर कब्जा जमाया। सावकर चैलेंजर्स की जीत में रचित गुप्ता के ऑराउण्ड परफॉरमेंस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रचित गुप्ता जहां बैटिंग करते हुए 1 ओवर में 12 रन बनाये वहीं बेहतरीन बॉलिंग का मुजाहिरा दिखाते हुए 2 ओवर में 2 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया। उनके इस ऑलराउण्ड परफॉरमेंस के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी रचित गुप्ता को दिया गया।

क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर जिले के पुलिस कप्तान–श्री राजेश चंदेल जी की गौरवमयी उपस्थिति रही। आपने एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल–2023 की रनिंग ट्राफी विजेता सावरकर चैलेंजर्स को प्रदान की। वहीं उपविजेता का खिताब जयविलास किंग्स को दिया गया।

बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट : चिराग सांखला, बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट–नीरज शिवहरे, बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट–दीपक अग्रवाल, बेस्ट कैच ऑफ द टूर्नामेंट–धर्मेन्द्र गुप्ता रहे।

लीग मैच के मैन ऑफ द मैच: प्रथम–जितेन्द्र जाजू, द्वितीय मैच–चिरांग सांखला, तृतीय मैच–नीरज शिवहरे, चतुर्थ मैच–रचित गुप्ता रहे। सेमीफाइनल के मैन ऑफ द मैच क्रमश संजय कुमार गुप्ता, रचित गुप्ता रहे।


फोर्टनाइटराइडर्स (डॉ. प्रवीण अग्रवाल)


तानसेन चैलेंजर्स (हेमंत गुप्ता)


जीवाजी रॉयल्स (डॉ. राकेश अग्रवाल)


सावरकर चैलेंजर्स (दीपक अग्रवाल)


जयविलास किंग्स (पवन कुमार अग्रवाल)


मानसिंह वॉरियर्स (संदीप नारायण अग्रवाल)


गालव डेयरडेविल्स (अरूण कुमार गुप्ता)


गूजरी सनराइजर्स (प्रतीक जैन)

आयोजन में खेल रही आठ टीमों को : ए,बी,सी एवं डी समूह में बांटा गया था। समूह–ए में मानसिंह वॉरियर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) विरूद्ध गूजरी सनराइजर्स (प्रतीक जैन), समूह–बी में जयविलास किंग्स (पवन कुमार अग्रवाल) विरूद्ध फोर्टनाइटराइडर्स (डॉ. प्रवीण अग्रवाल), समूह–सी में जीवाजी रॉयल्स (डॉ. राकेश अग्रवाल) विरूद्ध सावरकर चैलेंजर्स (दीपक अग्रवाल) एवं समूह–डी तानसेन चैलेंजर्स (हेमंत गुप्ता) विरूद्ध गालव डेयरडेविल्स (अरूण कुमार गुप्ता) के बीच लीग मैच खेले गये।





लीग मैच की विजेता टीमों के बीच सेमीफाइनल के मुकाबले खेले गये जो कि बेहद रोमांचक रहे। पहला सेमीफाइनल मानसिंह वॉरियर्स एवं जयविलास किंग्स के मध्य खेला गया। जिसकी विजेता जयविलास किंग्स टीम रही। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच सावरकर चैलेंजर्स एवं तानसेन चैलेंजर्स के बीच खेला गया। इस मैच को सावरकर चैलेंजर्स ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पूर्व ओपनिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष– डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल एवं पूर्व अध्यक्ष – श्री जी.डी. लड्ढा रहे। एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल–2023 का शुभारंभ अतिथियों एवं टीम के कप्तानों द्वारा रंग–बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़कर किया गया।

एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल–2023 मुख्य प्रायोजक–सुदर्शन ग्रुप (श्री हेमंत गुप्ता) तथा सहप्रायोजक–भूमिजा **TMT**, **M.S.A.** (सेफ्टी कंपनी), मधु इलेक्ट्रोनिक्स, रोम कम्प्यूटर एंड एकाउंट्स ट्रेनिंग सेंटर तथा कॉस्मो ग्रुप रहे।

एमपीसीसीआई सुदर्शन क्रिकेट कार्निवाल–2023 में खिलाड़ियों पर हुई इनामों की बारिश:– प्रत्येक, चौका, छक्का एवं विकेट पर श्री मनोज अग्रवाल (बाबा जनरल स्टोर) द्वारा गिफ्ट हैम्पर, सिक्स मारने पर–मधु इलेक्ट्रोनिक्स, एक ओवर में 20 रन बनाने वाले खिलाड़ी को श्री मनीष गोयल, टूर्नामेंट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने पर पुरस्कार–श्री अमित माहेश्वरी, प्रत्येक टीम के बेस्ट फील्डर को श्री नीरज मंगल, रन आउट करने पर श्री संजीव पारख, टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन + विकेट लेने पर 10 ग्राम चांदी का एक–एक सिक्का–श्री शुभम मंगल, सर्वाधिक क्लीन बोल्ड करने वाले एक खिलाड़ी को पुरस्कार–श्री रोबिन गर्ग, प्रत्येक ईनिंग के बेस्ट फील्डर को–श्री नीरज मंगल, एक हाथ से कैच लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को–श्री नवीन अग्रवाल, लीग मैच में 0 को छोड़कर सबसे कम रन बनाने वाले को–श्री नवीन अग्रवाल, टूर्नामेंट में सर्वाधिक कैच लेने वाले एवं बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट को एक–एक चांदी का सिक्का श्री नंदकिशोर गोयल द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में चेम्बर सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए गेम जोन के स्टॉल लगाये गये थे, जिन पर उत्साहपूर्वक आयोजन में पधारे सदस्य एवं उनके परिजनों में भाग लेकर इनाम जीते। साथ ही फूड जोन में लगे स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल का भरपूर आनंद लिया गया।

क्रिकेट कार्निवाल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, सहसंयोजक एवं उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, सहसंयोजक एवं मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल सहित चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष–श्री विजय गोयल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष–श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री जी.एल. भोजवानी, श्री राधाकिशन खेतान, श्री सुरेश बंसल, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री पीताम्बर लोकवानी, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, श्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष–श्री कैलाश लहारिया, श्री गोकुल बंसल एवं श्री वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, चेम्बर सदस्यगण व उनके परिजन उपस्थित रहे।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# दि. 18 दिसम्बर,23 को 'चेम्बर भवन' में पारिवारिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ''तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता'', 'टैलेंट शो' (दो समूह में), 'अंताक्षरी' (महिलाओं के लिए) एवं ''मेरी आवाज सुनो'' का हुआ आयोजन

''दीपावली मिलन समारोह'' के तहत 'चेम्बर भवन' में आयोजित हुई पारिवारिक कार्यक्रम में सोमवार, 18 दिसंबर,23 को महिलाओं एवं बच्चों सहित संस्था के अधिकृत प्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताएं एवं उनमें विजेता निम्नानुसार है :-

## तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता (महिलाओं के लिए)



प्रथम पुरस्कार



द्वितीय पुरस्कार



तृतीय पुरस्कार

तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में 'प्रथम पुरस्कार' की विजेता, श्रीमती छवि सिंघल रहीं। इनके द्वारा ''महिला प्रताड़ना से बचाने में नारी का योगदान'' विषय पर सशक्त भाषण दिया।

द्वितीय पुरस्कार – श्रीमती ज्योति अग्रवाल को तथा तृतीय पुरस्कार–श्रीमती ज्योति गुप्ता को प्रदान किया गया।

इसके साथ ही, कु. गौरी गर्ग, शिखा कट्ठल, दीप्ति सरावगी, रेखा अग्रवाल एवं कीर्ति गर्ग को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों की प्रायोजक : श्रीमती अलका श्रीवास्तव (मै. लक्ष्मीबाई महिला नागरिक सहकारी बैंक) थीं।

प्रतियोगिता की निर्णायिका : श्रीमती पुष्पा सिसोदिया थीं।

## टैलेंट शो (17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए)

प्रथम समूह (1 से 10 वर्ष)


प्रथम


द्वितीय

द्वितीय समूह (11 से 17 वर्ष)


प्रथम


द्वितीय


तृतीय

टैलेंट शो को दो समूहों में रखा गया था। प्रथम समूह 1 से 10 वर्ष की आयु के लिए एवं द्वितीय समूह 11 से 17 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों के लिए निर्धारित था।

इस प्रतियोगिता में श्लोक, रूबिक्स क्यूब , पियानो, कविता, क्यूब सोल्व विथ रिंग, नृत्य आदि विधाओं में प्रतिभागियों द्वारा अपने टेलेंट का प्रदर्शन मंच पर किया गया।

प्रथम समूह (1 से 10 वर्ष) में प्रथम पुरस्कार– आराध्य बंसल, द्वितीय पुरस्कार– कृतिका सांघी एवं विशेष पुरस्कार–आराध्य शर्मा को दिया गया।

द्वितीय समूह (11 से 17 वर्ष) में प्रथम पुरस्कार– विधान बंसल, द्वितीय–नेहल सलूजा, तृतीय पुरस्कार–अनंत अग्रवाल एवं विशेष पुरस्कार–मैत्री बंसल, सिद्धि कपूर, वर्तिका गर्ग को प्रदान किया गया।

इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के प्रायोजक : श्री प्रमोद अग्रवाल (मेसर्स पवन मेडीकल) थे।

इस प्रतियोगिता की निर्णायिका : श्रीमती रैना बनर्जी, श्रीमती नेहा शर्मा एवं श्रीमती शिखा चतुर्वेदी थीं।

## अंताक्षरी (महिलाओं के लिए)


प्रथम विजेता टीम


द्वितीय विजेता टीम


तृतीय विजेता टीम




अंताक्षरी प्रतियोगिता में सदस्य परिवार की महिलाओं द्वारा काफी उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया गया। 48 महिलाओं के शामिल होने से 03 राउण्ड में प्रतिभागियों को अंताक्षरी खिलाई गई।

प्रत्येक टीम में 04 प्रतिभागी शामिल थीं। तीनों राउण्ड की विजेता टीमों के मध्य फाइनल राउण्ड हुआ। इस प्रतियोगिता की

प्रथम विजेता टीम – ज्योति बंसल, श्रेया बंसल, नीता जैन, शुचि मित्तल।

द्वितीय विजेता टीम – प्रगति सलूजा, अल्पना अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल।

तृतीय विजेता टीम – रीता गर्ग, सरिता गर्ग, साधना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल।

इस प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के प्रायोजक, श्री माधव अग्रवाल (श्रीकिशन प्रभुदयाल अग्रवाल–प्रेस्टीज शोरूम) थे।

कार्यक्रम का संचालन, श्रीमती रीतिका गुप्ता एवं श्रीमती अंजली बत्रा द्वारा किया गया।

## मेरी आवाज सुनो


प्रथम पुरस्कार

मेरी आवाज सुनो प्रतियोगिता संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि हेतु आयोजित थी। इसमें प्रतिभागियों द्वारा अपनी गायन कला को प्रदर्शित करते हुए, एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए गए। इस प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने शामिल होकर, अपने गायन कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किए गए :–

प्रथम पुरस्कार : श्री आशीष अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार : श्री महेन्द्र सिंह सिकरवार

तृतीय पुरस्कार : श्री अंकुर अग्रवाल


द्वितीय पुरस्कार

इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता की निर्णायिका–डॉ. वीणा जोशी, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय एवं श्रीमती ज्योति बाला डाहाटे, व्याख्याता, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय रहीं।

इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के प्रायोजक–श्री मुकेश अग्रवाल, मेसर्स बसंत सेल्स कार्पोरेशन थे।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्य महानुभावों एवं सदस्यगण व उनके परिजन उपस्थित थे।


तृतीय पुरस्कार

# ''दीपावली मिलन समारोह'' के अन्तर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित








''दीपावली मिलन समारोह'' के अन्तर्गत अंतिम दिवस, यानि कि 19 दिसंबर को ''अखिल भारतीय कवि सम्मेलन'' का गरिमामयी आयोजन 'रंगमहल गार्डन' में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष–श्री विजय गोयल जी उपस्थित थे। इस आयोजन में संस्था के सदस्य एवं उनके परिजनों ने शामिल होकर, कवियों की एक से बढ़कर एक रचनाओं का भरपूर आनन्द उठाया। इसके साथ ही, इस अवसर पर आयोजित 'स्वरूचि भोज' में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी सदस्यगणों एवं उनके परिजनों द्वारा उठाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष–श्री विजय गोयल जी को पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा पहनाकर, स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

'कवि सम्मेलन' में पधारे निम्नलिखित सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया :–

- **रवीन्द्र रवि, ग्वालियर :** सभी को इस ज़माने में सभी चीज़ें नहीं मिलतीं, किसी बाजार में अनमोल तहजीबें नहीं मिलतीं।
  जहाँ की हर अदालत से बड़ी कोई अदालत है, वहां बस फै सले होते हैं तारीखें नहीं मिलतीं ॥
- **सुदीप भोला, जबलपुर :** ये मत सोचो ज्ञान बाँटते फि रते हैं, ख़ुशियों का सामान बाँटते फिरते हैं।
  ये दौलत बाँटे जाने से बढ़ती है, इसीलिए मुस्कान बाँटते फिरते हैं ॥
- **डॉ रूचि चतुर्वेदी, आगरा :** प्रेम तुलसी के दल सी सजी राधिका, हर निधिवन बसी कृष्ण की पाँखुरी।
  एक उंगली पे गिरिराज को धर लिया, दस की दस उंगलियों से बजी बाँसुरी ॥
- **रमेश मुस्कान, आगरा :** कर पाओ तो यूँ करो जीवन का सम्मान। आंखों में सपने रखो अधरों पर मुस्कान।
- **डॉ सर्वेश अस्थाना, लखनऊ :** रिश्तों में तकरार बहुत है लेकिन इनमें प्यार बहुत है।
  सारी दुनिया खुश रखने को बस अपना परिवार बहुत है ॥
- **शम्भू शिखर, बिहार :** पोशाक पुरानी लिए अभिनव हूँ मनाओ, नफ़ रत में भी मैं प्यार का कलरव हूँ मनाओ।
  रोने के लिये और भी महफ़ि ल है जहाँ में, शम्भू शिखर मैं हास्य का उत्सव हूँ मनाओ ॥
- **तेजनारायण शर्मा (जौरा)** रचना पाठ करते हुए कहा.. सड़क, रास्ते जाम कराकर, जलवा अपने नाम कराकर। सभी मसीहा लौट चुके हैं...






http://www.mpcci.in

# नव वर्ष की सौगात : ग्वालियर को मिली विभिन्न शहरों के लिए फ्लाइट

अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

## Air India Express Flight Scheduled!

| Carrier | Flt No. | Sector | Frequency | Departure | Arrival | Effective |
|---|---|---|---|---|---|---|
| IX | 1592 | GWL-BLR | 1234567 | 15:35 | 18:10 | 16-Jan-24 |
| IX | 1590 | BLR-GWL | 1234567 | 05:10 | 07:45 | 16-Jan-24 |
| IX | 1590 | GWL-DEL | 1234567 | 08:15 | 09:20 | 16-Jan-24 |
| IX | 1592 | DEL-GWL | 1234567 | 13:35 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| IX | 953 | HYD-GWL | 1234567 | 14:30 | 16:20 | Current Operational |
| IX | 955 | GWL-HYD | 1234567 | 16:55 | 19:00 | Current Operational |

## Connecting GWALIOR to INDIA (Via Flights)

| Sector | VIA | Flt No. | Frequency | Departure | Arrival | Effective |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **GWL-SXR-GWL** | | | | | | |
| GWL-SXR | DEL | IX 1590/I5 315 | 1234567 | 08:15 | 12:25 | 16-Jan-24 |
| GWL-SXR | DEL | IX 1590/I5 712 | 1234567 | 08:15 | 13:00 | 16-Jan-24 |
| GWL-SXR | DEL | IX 1590/I5 741 | 1234567 | 08:15 | 16:25 | 16-Jan-24 |
| SXR-GWL | DEL | I5 710/IX1592 | 1234567 | 08:50 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| **GWL-BOB-GWL** | | | | | | |
| GWL-BOM | BLR | IX 1592 / I5 1789 | 1234567 | 15:35 | 23:45 | 16-Jan-24 |
| GWL-BOM | BLR | IX 1592 / IX 2903 | 1234567 | 15:35 | 01:05 | 16-Jan-24 |
| BOM-GWL | BLR | IX 2992 / IX 1590 | 1234567 | 01:45 | 07:45 | 16-Jan-24 |
| BOM-GWL | BLR | I5 1784 / IX 1590 | 1234567 | 00:40 | 07:45 | 16-Jan-24 |
| **GWL-PNQ-GWL** | | | | | | |
| GWL-PNQ | BLR | IX 1592 / IX 974 | 1234567 | 15:35 | 23:00 | 16-Jan-24 |
| GWL-PNQ | DEL | IX 1590 / I5 738 | 1234567 | 08:15 | 17:00 | 16-Jan-24 |
| PNQ-GWL | BLR | IX 975 / IX 1590 | 1234567 | 01:45 | 07:45 | 16-Jan-24 |
| PNQ-GWL | DEL | I5 767 / IX 1592 | 1234567 | 06:40 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| **GWL-GOI-GWL** | | | | | | |
| GWL-GOI | DEL | IX 1590 / IX 769 | 1234567 | 08:15 | 16:35 | 16-Jan-24 |
| GWL-GOI | BLR | IX 1592 / I5 670 | 1234567 | 15:35 | 00:15 | 16-Jan-24 |
| GOI-GWL | BLR | I5 472 / IX 1590 | 1234567 | 00:45 | 07:45 | 16-Jan-24 |
| GOI-GWL | DEL | I5 315 / IX 1592 | 1234567 | 07:40 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| **GWL-GAU-GWL** | | | | | | |
| GWL-GAU | DEL | IX 1590 / I5 792 | 1234567 | 08:15 | 15:15 | 16-Jan-24 |
| GAU-GWL | DEL | IX 2789 / IX 1592 | 1234567 | 07:25 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| **GWL-IXB** | | | | | | |
| GWL-IXB | DEL | IX 1590 / I5 552 | 1234567 | 08:15 | 12:25 | 16-Jan-24 |
| **GWL-IXR-GWL** | | | | | | |
| GWL-IXR | DEL | IX 1590 / I5 710 | 1234567 | 08:15 | 12:50 | 16-Jan-24 |
| GWL-IXR | DEL | IX 1590 / 15 559 | 1234567 | 08:15 | 17:05 | 16-Jan-24 |
| IXR-GWL | DEL | I5 745 / IX 1592 | 1234567 | 10:25 | 15:00 | 16-Jan-24 |
| **GWL-DEL-GWL** | | | | | | |
| DEL-GWL | | 6E 2117 | Daily | 1055 | 1200 | |
| GWL-DEL | | 6E 2118 | Daily | 1230 | 1335 | |
| **GWL-BOM-GWL** | | | | | | |
| BOM-GWL | | 6E 5276 | Daily | 1155 | 1355 | |
| GWL-BOM | | 6E 5265 | Daily | 1425 | 1615 | |
| **Alliance Airways Flight Scheduled! ( GWL-IDR-GWL)** | | | | | | |
| IDR-GWL | | 9I 621 | Tuesday/Thursday | | 1355 | 1525 |
| GWL-IDR | | 9I 622 | Tuesday/Thursday | | 1550 | 1720 |

## कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

* मेसर्स एक्सीलेंट डेवलपमेंट सर्विसेस प्रा. लि. से मेसर्स क्यू 1 इन्फ्राटेक प्रा.लि. किए जाने का निर्णय लिया गया।
* डॉ. जमाल युसूफ द्वारा हृदय रोग संबंधी व्याख्यान एवं सीपीआर की ट्रेनिंग कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
* 'चेम्बर सचिवालय' हेतु वर्ष–2024 के लिए निर्धारित अवकाशों की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया।

## वर्ष–2024 के लिए 'चेम्बर सचिवालय' के सामान्य निर्धारित अवकाश

'चेम्बर सचिवालय' हेतु वर्ष–2024 के लिए सामान्य अवकाशों की तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| * | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी, 2024 | |
| * | महाशिवरात्रि | 08 मार्च, 2024 | |
| * | होली | 25 मार्च, 2024 | |
| * | भाई दोज | 27 मार्च, 2024 | |
| * | ईद–उल–फितर | 11 अप्रैल, 2024 | एच्छिक |
| * | ईदुज्जुहा (बकरीद) | 17 जून, 2024 | एच्छिक |
| * | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त, 2024 | |
| * | रक्षाबंधन | 19 अगस्त, 2024 | |
| * | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी | 26 अगस्त, 2024 | |
| * | गणेश चतुर्थी | 07 सितम्बर, 2024 | एच्छिक |
| * | गाँधी जयंती | 02 अक्टूबर, 2024 | |
| * | दुर्गाष्टमीं | 11 अक्टूबर, 2024 | एच्छिक |
| * | दशहरा (विजयादशमीं) | 12 अक्टूबर, 2024 | |
| * | दीपावली | 31 अक्टूबर, 2024 | |
| * | दीपावली (दूसरा दिन) | 01 नवम्बर, 2024 | |
| * | भाईदूज | 02 नवम्बर, 2024 | |

नोटः

* इनके अतिरिक्त विशेष कारणों से 4 अवकाश देने का अधिकार 'मानसेवी सचिव' को रहेगा।

* उपरोक्त 05 एच्छिक अवकाशों में से कोई भी 03 अवकाश स्टॉफ कर्मी ले सकते हैं।

* सर्वपित मोक्ष अमावस्या (एच्छिक) 02 अक्टूबर को होने से पृथक से अंकित नहीं है।

## दिसम्बर 2023 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित सांसद, ग्वालियर संसदीय क्षेत्र–माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित कर ग्वालियर अंचल के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, आगरा फोर्ट–अजमेर इंटरसिटी एक्सप्रेस (12195/12196) एवं गोमतीनगर–कामाख्या एक्सप्रेस (15078/15077) का संचालन, ग्वालियर रेलवे स्टेशन से किए जाने की माँग की गई। साथ ही, एलटीटी–हरिद्वार एक्सप्रेस (12171/12172) का स्टॉपेज ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर किए जाने एवं ग्वालियर–साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन (22547/22548) को ग्वालियर से प्रतिदिन संचालित किए जाने की माँग की गई।

* केन्द्रीय वित्तमंत्री–माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित मुख्य आयुक्त, सीजीएसटी, सेन्ट्रल एक्साईज कस्टम (म. प्र. एवं छत्तीगसढ़), भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में अक्टूबर–2014 से स्थापित सीजीएसटी ऑडिट कार्यालय को भोपाल में शिफ्ट किए जाने के प्रयासों का विरोध करते हुए, उक्त कार्यालय को ग्वालियर में यथावत् बनाए रखने की माँग की गई।

* आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, निगम की वेबसाईट दिसम्बर–2023 में बंद होने के कारण शहर के व्यवसाई, उद्योगपति सहित आमनागरिक जो कि अपना सम्पत्ति कर न तो नगर–निगम के कार्यालयों पर जमा कर सके और न ही ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर सके। इसलिए निगम द्वारा सम्पत्ति कर पर 2.5% की दर से वसूले जा रहे जुर्माना को विलोपित किए जाने की माँग की गई।

**सुविचार....**

**स्वयं को संभालने के लिए अपने दिमाग का इस्तेमाल करें, दूसरों को संभालने के लिए, अपने दिल का इस्तेमाल करें।**

**–डोनाल्ड लेयर्ड**

# FICCI की 96वीं वार्षिक साधारण सभा एवं एन्युअल कन्वेंशन में शामिल हुआ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मण्डल






फिक्की की 96वीं साधारण सभा एवं एन्युअल कन्वेंशन का आयोजन, दिनांक 8 दिसम्बर, 23 को 'विज्ञान भवन' एवं 'फेडरेशन हाउस', नई दिल्ली में हुआ। इस सम्मेलन में MPCCI के 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के रूप में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्यगण सर्वश्री रामकुमार चौपड़ा, संजीव अग्रवाल (कुक्कू), महेन्द्र साहू, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, शिवरतन सिधवानी, राजेश माखीजा, प्रशांत सिंघल, नन्दकिशोर गोयल एवं पुरुषोत्तम गुप्ता शामिल हुए।



फिकी की 96वीं वार्षिक साधारण सभा के उद्घाटन सत्र को केन्द्रीय व्यापार-उद्योग मंत्री, भारत सरकार, माननीय श्री पीयूष गोयल द्वारा संबोधित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित विभिन्न सत्र एवं उसमें उपस्थितगण निम्नानुसार हैं :-

* **सेशन-1 : बिजनिश बिथ ए परपज :** सुभ्रकांत पाण्डा, प्रेसीडेंट, फिक्की एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, इण्डियन मेटल्स एण्ड फेरो अलॉयज लि. तथा श्री अजीम प्रेमजी, फाउण्डर चेयरमैन, बिप्रो लि.।

* **सेशन-2 : मेक इन इंडिया : एजेविंग स्केल :** डॉ. पवन गोयनका, चेयरमैन, स्टरिंग कमेटी ऑन एडवांसिंग लोकल वेल्यू-एड एण्ड एसपोर्ट, श्री सुलजा फिरोदिया मोटवानी, फाउण्डर एवं सीईओ, कायनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पॉवर सोल्यूशन लि., श्री मनीष शर्मा, चेयरमैन, पेनासोनिक लाइफ सोल्यूशन इण्डिया एण्ड साउथ एशिया।




* **सेशन-3 : डिजीटलाइजेशन ऑफ ट्रेड एण्ड फायनेंस :** श्री अजय सेठ, सेकेट्री, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनोमिक अफेयर्स, मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस, भारत सरकार सहित श्री जॉन डब्ल्यू.एच. डेंटन, सेकेट्री जनरल, इंटरनेशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स, श्री रजनीश कुमार, चेयरमैन, भारतपे एवं चेयरमैन, मास्टरकार्ड इंडिया, श्री हर्षपति सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की, वाइस चेयरमैन, इंटरनेशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड डायरेक्टर, जे.के. आर्गनाइजेशन।

* **सेशन-4 : श्री शैलेष कुमार पाठक, महासचिव-फिक्की।**

* **सेशन-5 : खेलो इण्डिया :** श्री आर. विनील कृष्णा, आयुक्त एवं सचिव, खेल विभाग, उड़ीसा सरकार, श्री आकाश चोपड़ा, पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं श्री चारू शर्मा, कॉमन्टेटर, कॉमपर एण्ड युज मास्टर एण्ड को-फाउण्डर।

* **सेशन-6 : विनिंग द वर्ल्ड विथ सॉफ्ट पॉवर :** इस अवसर पर बॉलीबुड कलाकार, करण जौहर एवं एकता कपूर, एम.डी. एण्ड क्रेटिव डायरेक्टर, बालाजी टेलीफिल्म।

* **सेशन-7 : इन्जेजिंग विथ द वर्ल्ड्स ग्रोथ इंजन :** श्री अब्दुलनजीर जमाल हुसैन, राजदूत, यूएई, श्री इना कृष्णामूर्ति, राजदूत, इंडोनेशिया, श्री हिरोशी सुजकी, राजदूत जापान।

इस अवसर पर शाम को फेडरेशन हाउस में मेम्बर बॉडी की एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्यगण सर्वश्री महेन्द्र साहू, शिवरतन सिधवानी, राजेश माखीजा, नन्दकिशोर गोयल एवं पुरुषोत्तम गुप्ता शामिल थे। साथ ही, गोवा, कोलकता, बेल्लारी, झारखण्ड, मुम्बई, सूरत, उत्कल चेम्बर ऑफ कॉमर्स, आंधा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर फिक्की के महासचिव-श्री शैलेष पाठक ने सभी चेम्बर्स के प्रतिनिधियों से बात की।

मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने इस अवसर पर स्टार्टअप प्रमोशन एवं यूथ माइग्रेशन रोकने हेतु विषय पर चर्चा की।

**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917